# Aishwarya College (AUTONOMOUS)

Affiliated to Jai Narain Vyas University, Jodhpur, Accredited with 'A' Grade by NAAC, Approved by UGC U/s 2(f) & 12(B)

क्रमांक: ACE/NO/Gen/26-27/024

दिनांक: 06.08.2026

सूचना / आधिकारिक पत्र

विषय: "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु।

संदर्भ: कार्यालय उप निदेशक, मेरा युवा भारत जोधपुर (राज.) का पत्र क्रमांक मे.यु.भा./जोधपुर/नशा मुक्त अभियान/2026-27/085-97, दिनांक 03.08.2026।

ऐश्वर्या कॉलेज (स्वायत्त), जोधपुर के समस्त NSS स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार अधीन 'माय भारत' द्वारा जिला स्तरीय "नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन से संबंधित आवश्यक विवरण निम्नानुसार हैं:

* कार्यक्रम दिनांक: 07 अगस्त 2026
* समय: प्रातः 09:00 बजे से
* स्थान: राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, किसान कन्या, नागोरी बेरा, जोधपुर
* आयु सीमा: 15 से 29 वर्ष (दिनांक 20.07.2026 के अनुसार)
* विशेष नियम: एक प्रतिभागी केवल एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है। विजेता प्रतिभागियों/टीमों को राज्य स्तर पर सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा।

आयोजित की जाने वाली आठ (8) प्रतियोगिताएं:

* सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता: लोक, शास्त्रीय या परंपरागत नृत्य (समय: 5 से 8 मिनट, सदस्य: 5 से 10 युवा)।
* संगीत प्रतियोगिता: 'नशामुक्त युवा' थीम पर आधारित हिन्दी/स्थानीय भाषा में संगीत वाद्ययंत्रों के साथ सामूहिक प्रस्तुति (सदस्य: 5 से 10 युवा)।
* नुक्कड़ नाटक: नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे बचाव थीम पर नाटकीय/रंगमंच प्रस्तुति।
* चित्रकारिता (पेंटिंग) प्रतियोगिता: नशे के दुष्प्रभाव एवं नशामुक्त भारत हमारा थीम पर पेंटिंग।
* भाषण प्रतियोगिता: 'नशामुक्त भारत में युवाओं के योगदान' / 'Peer Pressure vs Personal Choice' विषय पर भाषण (समय: 6 से 8 मिनट)।
* लघु फ़िल्म / रील्स प्रतियोगिता: माय भारत पोर्टल पर 60 सेकण्ड तक की रील्स अपलोड करनी होगी।
* नारा लेखन प्रतियोगिता: स्वरचित प्रभावशाली नारे (हस्तलिखित/प्रिंट) पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
* कविता पाठ प्रतियोगिता: 'नशे के विरुद्ध युवाओं की आवाज' थीम पर स्वरचित कविता पाठ (समय: 3 से 5 मिनट)।

पंजीकरण प्रक्रिया:

* इच्छुक विद्यार्थी/स्वयंसेवक माय भारत पोर्टल (https://mybharat.gov.in/) पर लॉगिन कर जोधपुर जिले की संबंधित गतिविधि में आवेदन कर सकते हैं।
* स्थल पर उपस्थित होकर (On-spot) पंजीकरण कराने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

इच्छुक NSS स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु अविलंब पोर्टल पर पंजीकरण करें अथवा NSS कार्यालय/कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क करें।

(डॉ. ललित रांकावत)
कार्यक्रम अधिकारी (NSS)
मोबाइल नंबर: 9414498796

डॉ. ऋषि नेपालिया 6/8/26
(प्राचार्य)
ऐश्वर्या कॉलेज, जोधपुर